**जिलाधिकारी/अध्यक्ष, "जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति" रामपुर की अध्यक्षता में दिनांक 28.02.2026 को विकास भवन सभागार में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।**

समीक्षा बैठक में निम्न अधिकारी तथा फर्म के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

- मुख्य विकास अधिकारी, रामपुर।
- जिला पंचायत राज अधिकारी, रामपुर।
- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), रामपुर।
- जल निगम (ग्रामीण) के अन्तर्गत जनपद रामपुर में कार्यरत समस्त सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता।
- विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं/एजेंसियों के प्रोजेक्ट मैनेजर।
- परियोजना प्रबन्धक,एजेन्सी– मैसर्स आर.बी0 एसोसिएट्स,आर्किटेक्ट इंजीनियर्स एण्ड कन्सल्टेन्स प्रा0लि0,टी0पी0आई0, मुरादाबाद कलस्टर–14, जनपद–रामपुर।
- जिला समन्यवयक, मैसर्स मैधज टेक्नो कॉन्सेप्ट, प्रा0लि0, जनपद–रामपुर।
- मैसर्स राजस्थान हयूमन (आई0एस0ए0)।
- मैसर्स चेतना सेवा संस्थान (आई0एस0ए0)।
- 

बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद रामुपर में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी तथा निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा/निर्णय लिया गयाः–

एजेन्डा–01:– जल सेवा आंकलनः– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि हर घर जल घोषित ग्राम पंचायतों में जल सेवा आंकलन का सर्वेक्षण किया जा रहा है तथा अब तक लक्षित 172 नग ग्राम पंचायतों में से 159 नग ग्राम पंचायतों का सर्वेक्षण पूर्ण किया जा चुका है। शेष 12 नग ग्राम पंचायतों का विवरण जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराया गया तथा जिला पंचायत राज अधिकारी, रामपुर को निर्देशित किया गया कि प्रश्नगत पंचायतों के सचिवों को जनपद मुख्यालय में अपने समक्ष सर्वे पूर्ण कराया जाये।

एजेन्डा–02:– जल अर्पण कार्यक्रमः– पूर्ण हो चुकी पेयजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों तथा ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समितियों को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया की समीक्षा की गयी। निर्देशित किया गया कि योजनाओं का हस्तान्तरण न्यूनतम 15 दिवस के सफल ट्रायल रन के पश्चात् ही किया जाये तथा ग्राम स्तर पर जल चौपाल एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाये तथा जनप्रतिनिधियों को भी योजनाओं के संबंध में समय–समय पर सूचना प्रेषित की जाये।

एजेन्डा–03:– नल जल मित्र कार्यक्रमः– नल जल मित्र कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण युवाओं को जलापूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रख–रखाव हेतु प्रशिक्षण दिये जाने के प्रगति की समीक्षा की गयी। वर्तमान तक लक्षित 901 नग नामांकन के सापेक्ष 205 नग अभ्यार्थियों के नामांकन जे0जे0एम0 पोर्टल पर अपलोड किये जा चुके हैं। निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रशिक्षित नल



Scanned with OKEN Scanner

जल मित्र उपलब्ध कराते हुये योजनाओं के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित किया जाये। इसके अतिरिक्त निर्देशित किया गया कि लाभार्थियों का चयन कौशल विकास योजना तथा ZERO-POVERY के लाभार्थियों में किये जाने का यथा संभव प्रयास किया जाये।

<u>एजेन्डा–04:– हर घर नल से जल–जीरो पॉवर्टी अभियान:</u>– बैठक में अवगत कराया गया कि चिन्हित गरीब परिवारों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्यवाही प्रगति पर है। निर्देशित किया गया कि शेष पात्र परिवारों को शीघ्र नल कनेक्शन उपलब्ध कराया जाये तथा जिन परिवारों द्वारा निजी व्यवस्था के कारण कनेक्शन नही लिया जा रहा है, उन्हे प्रेरित किया जाये।

<u>एजेन्डा–05:– संचालन एवं रख–रखाव (O&M) योजनाओं की समीक्षा:</u>– जनपद में विभिन्न एजेंसियों को आवंटित योजनाओं के संचालन एवं रख–रखाव की समीक्षा की गयी। निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओ मे नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा किसी भी खराबी की स्थिति में तत्काल मरम्मत एवं अनुरक्षण की कार्यवाही की जाये।

अंत में सभी संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को आवश्यक निर्देश देते हुये बैठक समाप्त की गयी।

Digitally signed by
AJAY KUMAR DWIVEDI
Date: 11-03-2026
11:41:45

जिलाधिकारी / अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
रामपुर।

# कार्यालय जिलाधिकारी, रामपुर।

पत्रांक 245 / एम०-10 / 06 दिनांक 11 / 03 /2026

<u>पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार</u> :–

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, रामपुर।
2. जिला पंचायत राज अधिकारी, रामपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), रामपुर।
4. समस्त संबंधित कार्यदायी संस्थाऐं / एजेंसियां।

जिलाधिकारी / अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
रामपुर।



Scanned with OKEN Scanner